हिंदी दिवस समारोह
श्रुतलेखन एवं स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता—रपट

लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा में 14 सितंबर, 2022 को हिंदी दिवस मनाया गया, जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा श्रुतलेखन एवं स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्रुतलेखन प्रतियोगिता में 73 छात्र—छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

अंकित वर्मा बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम, उदभट द्विवेदी, बी.ए. तृतीय वर्ष ने द्वितीय और पूजा यादव, एम.ए. प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूनम कनौजिया और प्रियांशु शुक्ला को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार ने इस अवसर पर हिंदी विभाग एवं प्रतियोगिता में सम्मिलित समस्त प्रतिभागियों को बधाई दी। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र ने कविता लिखने के कौशल को समझाते हुए भाषा के सजग व्यवहार पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने श्रुतलेखन की विशेषताओं को समझाया।

प्राचार्य प्रो0 रवीन्द्र कुमार ने प्रतिभागिता कर रहे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
IQAC